| |
|---|
| दिनांक 28.07.2022 |
| प्रेस विज्ञप्ति 28/2022 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## यातायात जागरूकता अभियान के सम्बन्ध में दिये गये दिशा निर्देश

मुख्य़ालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 स्तर से दिये गये निर्देशों के क्रम में श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ निदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा उ0प्र0 द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन एंव जागरूकता हेतु चलाये जा रहे अभियान के सम्बन्ध में किये गये कार्यों की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिये गयेः–

- प्रदेश स्तर पर दिनांक 26 एवं 27.07.2022 को चलाये गये अभियान के दौरान बिना हेलमेट, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, ओवर स्पीडिंग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग व बिना ड्राइविंग लाइसेन्स वाहन चलाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 18,426 चालान किये गये तथा 36,61,500 रूपये शमन शुल्क की धनराशि वसूल की गयी।
- एम–परिवहन एप्लीकेशन की सुविधा का प्रचार–प्रसार करने पर बल दिया गया, जिससे वाहन सम्बन्धी सूचनाए अद्यतन रहें।
- सड़क के किनारे असुरक्षित रूप से खड़े वाहनो के बारे में 112 पर व यातायात पुलिस को सूचित किया जाये।
- यातायात सम्बन्धी किसी भी समस्या के लिए यातायात निदेशालय कंट्रोल रूम नम्बर 9454402555 पर काल किया जाये तथा विशेष परिस्थिति में निदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा उ0प्र0 के सीयूजी नम्बर 9454400122 पर काल किया जा सकता है।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना चौक

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ रूपये कीमत का सोना–चाँदी**
- **01 लाख 04 हजार रूपये नगद**
- **02 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 27.07.2022 को थाना चौक व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त अमित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ रूपये कीमत का सोना (425 ग्राम)–चाँदी (01 कुन्तल 16 किलो 640 ग्राम), 01 लाख 04 हजार रूपये नगद, 02 चार पहिया वाहन बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना चौक क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त द्वारा व्यापारियों से कच्ची चाँदी को रिफाईन करने के बहाने लेकर भाग जाने के सम्बन्ध में थाना चौक पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से बरामद सोना–चाँदी आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना चौक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अमित निवासी बाग महानारायण थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ रूपये का सोना–चाँदी।

2–01 लाख 04 हजार रूपये नगद।

3–02 चार पहिया वाहन।

**जनपद कासगंज/थाना सहावर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 03 खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 27.07.2022 को थाना सहावर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोहरा नहर पटरी पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मिट्टी उर्फ शरीफ घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 03 खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना करहल जनपद मैनपुरी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद मैनपुरी से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सहावर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मिट्टी उर्फ शरीफ निवासी नदरई थाना कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 03 खोखा कारतूस।

2— 01 मोटर साइकिल।

## जनपद कुशीनगर/थाना कोतवाली पडरौना

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 28.07.2022 को थाना कोतवाली पडरौना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खिरकिया पेट्रोलपम्प के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त नूरूद्दीन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानो में सीएस एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृ त है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना अहिरौली बाजार पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नूरूद्दीन निवासी डोमनपट्टी थाना खड्डा जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित कारतूस।

## जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली नगर

- **पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूट के 39 हजार 500 रूपये नगद**
- **लूटी गयी मोटर साइकिल आदि**
- **05 अवैध तमंचा 315 बोर, 08 जीवित, 02 खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 27/28.07.2022 की रात्रि थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बाईपास कनवाखेडा मोड के पास से

चेकिंग के दौरान पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्तों 1—प्रियांशु उर्फ लालू 2—विशाल उर्फ गोल्डी 3—मो0 फरमान 4—अनिल 5—ऋषि को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 39 हजार 500 रूपये नगद, लूटी गयी मोटरसाइकिल, 05 अवैध तमंचा 315 बोर, 08 जीवित, 02 खोखा कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त विशाल उर्फ गोल्डी के विरूद्ध जनपद सीतापुर, उन्नाव, लखनऊ के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, डकैती, हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 21 अभियोग, अभियुक्त प्रियांशु उर्फ लालू के विरूद्ध जनपद सीतापुर, लखनऊ के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग, अभियुक्त मो0 फरमान के विरूद्ध जनपद सीतापुर के थाना कोतवाली नगर पर लूट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है। दिनॉकः 20.07.2022 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये, मोटर साइकिल लूट की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—प्रियांशु उर्फ लालू निवासी मोहल्ला रामनगर थाना मिश्रित जनपद सीतापुर।

2—विशाल उर्फ गोल्डी निवासी ग्राम बाबर अली खेडा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव।

3—मो0 फरमान निवासी जलालपुर फाटक थाना पारा, लखनऊ।

4—अनिल निवासी ग्राम समशापुर थाना कछौना जनपद हरदोई।

5—ऋषि निवासी ग्राम लोधौरा थाना मिश्रित जनपद सीतापुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट के 39 हजार 500 रूपये नगद।

2–लूटी गयी मोटरसाइकिल।

3–05 अवैध तमंचा 315 बोर, 08 जीवित, 02 खोखा कारतूस आदि।

## <u>जनपद एटा/थाना कोतवाली नगर</u>

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 20 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 28.07.2022 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रोडवेज बस स्टैण्ड एटा के पास से अभियुक्त बृजेश को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 20 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 21.07.2022 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया आदि उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–बृजेश निवासी श्रंगारनगर थाना कोतवाली नगर जनपद एटा।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट के 20 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस आदि।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना गोमतीनगर विस्तार

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की बोलेनो कार, 01 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 28.07.2022 को थाना गोमतीनगर विस्तार व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पिपराघाट पुल के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1–विवेक उर्फ सुमित उर्फ सोनू 2–विजय उर्फ अक्कू को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट की बोलेनो कार, 01 मोबाइल फोन, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.07.2022 को थाना गोमतीनगर विस्तार क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गोमतीनगर विस्तार पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद बोलेनो कार, मोबाइल फोन उक्त लूट की घटना से एवं मोटर साइकिल थाना विभूतिखण्ड पर पंजीकृत चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त विवेक उर्फ सुमित उर्फ सोनू के विरूद्ध जनपद इटावा, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गोमतीनगर विस्तार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विवेक उर्फ सुमित उर्फ सोनू निवासी नगला हरनाथ थाना सैफई जनपद इटावा, हालपता हैनिमैन चौराहा के पास थाना गोमतीनगर कमिश्नरेट लखनऊ।

2—विजय उर्फ अक्कू निवासी नरिया थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात, हालपता कल्याणपुर टूटी पुलिया के पास थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1—लूट की बोलेनो कार, 01 मोबाइल फोन।

2—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस।

**जनपद हमीरपुर/थाना जरिया**

- **03 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार**
- **चोरी की 19 दो पहिया वाहन**
- **01 चार पहिया वाहन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 28.07.2022 को थाना जरिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सरीला छिबौली रोड नहर पुलिया से चेकिंग के दौरान 03 शातिर वाहन चोर 1—विष्णु 2—नरेन्द्र 3—राजेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 19 दो पहिया वाहन, 01 चार पहिया वाहन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो जनपद हमीरपुर एवं भिन्न—भिन्न स्थानों से वाहनों की चोरी कर सस्ते दामों में बेच देते है।

इस सम्बन्ध में थाना जरिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विष्णु निवासी छिबौली थाना जरिया जनपद हमीरपुर।

2–नरेन्द्र निवासी परछा थाना जरिया जनपद हमीरपुर।

3–राजेश निवासी बरहरा थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 19 दो पहिया वाहन।

2–01 चार पहिया वाहन।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस।

## जनपद हमीरपुर/थाना कुरारा

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **09 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 27.07.2022 की रात्रि को थाना कुरारा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम चकोठी बालू डम्प के पीछे से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–राकेश 2–अरविन्द कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित शस्त्र विभिन्न बोर, 09 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न बोर, भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त राकेश के विरूद्ध जनपद हमीरपुर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 17 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कुरारा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राकेश निवासी चकोठी थाना कुरारा जनपद हमीरपुर।

2–अरविन्द कुमार निवासी अतरौली थाना जरिया जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी**

1–10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित शस्त्र विभिन्न बोर।

2–09 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

3–भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद मथुरा/थाना कोसीकलाँ

- **पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 कुन्तल 60 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 02 खोखा कारतूस**
- **01 ट्रक बरामद**

दिनांक 27.07.2022 को थाना कोसीकलाँ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कोसी–कामर रोड बठैन देहगांव कट के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–आसिफ घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–इरसाद 3–साजिद 4–जाहुल 5–मुस्तकीम सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 कुन्तल 60 किलोग्राम अवैध गांजा, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 02 खोखा कारतूस, 01 ट्रक बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो गैर प्रान्त से गांजा की तस्करी कर आस–पास के जनपदो में बेच देते है।

इस सम्बन्ध में थाना कोसीकला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आसिफ निवासी लोहिंगा खुर्द थाना पुन्हाना जनपद नूँह मेवात हरियाणा।

2—इरसाद निवासी लोहिंगा खुर्द थाना पुन्हाना जनपद नूँह मेवात हरियाणा।

3—साजिद निवासी रावलकी थाना मुबारिकपुर जनपद पुन्हाना नूँह मेवात हरियाणा।

4—जाहुल निवासी बडगाँव थाना नूँह मेवात हरियाणा।

5—मुस्तकीम निवासी कस्बा व थाना उझानी जनपद बदायूँ।

**बरामदगी**

1—01 कुन्तल 60 किलोग्राम अवैध गांजा।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जीवित, 02 खोखा कारतूस।

3—01 ट्रक।

- **जनपद फतेहपुर/थाना थरियांव (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 06 अभियुक्तो को आजीवन कठोर कारावास की सजा व 45 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद फतेहपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश फतेहपुर द्वारा थाना थरियांव पर पंजीकृत अभियोग में धारा 147/148/149/302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1—बाबूराम 2—अरविन्द 3—शिवपत 4—संतराम 5—रामदत्त 6—जितेन्द्र को आजीवन कठोर कारावास व 45 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद वाराणसी ग्रामीण/थाना कपसेठी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद वाराणसी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जनपद वाराणसी ग्रामीण द्वारा थाना कपसेठी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त मुजस्सिम को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

—————————